भर्ती हेतु सूचना
वरिष्ठ परामर्शदाता– जन स्वास्थ्य नीति एवं नियोजन/(विविध पद)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

- कार्यक्रम प्रभागों से साथ समन्वय करने और उनसे प्राप्त जानकारी को शामिल करने हेतु आवंटित राज्यों की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) राज्य (पीआईपी) के लिए उत्तरदायी, स्थिरता और तालमेल के लिए विश्लेषण करना, घटकवार बजट की समीक्षा करते हुए, मानदंडों का पालन सुनिश्चित करते हुए आवंटित राज्य की राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति की बैठकों में चर्चा करने के लिए अंतिम पीआईपी में यथावश्यक संशोधन करने और प्रस्तुत करने के लिए राज्यों को जानकारी प्रदान करना।
- राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन की निगरानी/समीक्षा करने के लिए राज्यों के आवधिक फील्ड दौरे करना, कार्यान्वयन की चुनौतयों का पता लगाना और उनके उचित समाधान तैयार करने में राज्यों की सहायता करना अथवा तकनीकी जानकारी के लिए राज्य स्तर (एसएचआरसी, शैक्षणिक, या अनुसंधान एजेंसियां) या राष्ट्रीय स्तरः एनएचएसआरसी, टीआईएसएस, पीएचएफआई, इत्यादि जैसी उपयुक्त संस्थाओं के साथ संपर्क स्थापित करना।
- कनिष्ठ परामर्शदाताओं को उनके कार्य के प्रथम वर्ष में पीआईपी समन्वय कार्य और आंकड़ा विश्लेषण के लिए मार्गदर्शन करना।
- स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने वाले विषयगत क्षेत्रों में तकनीकी इनपुट उपलब्ध कराना।
- कार्यान्वयन में सुधारों की जानकारी देने के लिए फील्ड दौरों का विश्लेषणात्मक दस्तावेज तैयार करना।
- राज्यों और जिलों के भीतर सर्वोत्तम कार्यपद्धतियों का पता लगाना और इन्हें दर्ज करने और नवाचार पोर्टल पर अपलोड करने में राज्यों का सहयोग करना।
- भारत के खराब कार्यनिष्पादन करने वाले जिलों में विकेंद्रीकृत नियोजन और स्वास्थ्य प्रणालियों में सुधार हेतु तकनीकी सहायता।
- महामारी विज्ञान और एचएमआईएस इनपुट, दोनों का उपयोग करते हुए स्वास्थ्य योजनाएं बनाने और योजनाओं की समीक्षा करने एवं उनमें सुधार करने के लिए जिला और राज्य स्तर पर क्षमताएं विकसित करना। खराब कार्यनिष्पादन करने वाले राज्यों में यथावश्यक बजटिंग और वित्तीय नियोजन।
- अध्ययन/मूल्यांकन प्रोटोकॉल विकसित करना और आवश्यकतानुसार अध्ययन और मार्गदर्शन करना।
- केंद्र और राज्यों में एनआरएचएम और उसके लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए समय–समय पर यथास्वीकृत तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना।
- विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु सूचना तैयार करने, प्रस्ताव आवेदन आमंत्रित करने आदि सहित राज्यों एवं जिला प्रशासन के लिए तकनीकी सहायता इनपुट जुटाना।
- रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय–समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्य करना।
- साहित्य की समीक्षा करना और स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने वाले वर्तमान रुझानों की अद्यतन जानकारी रखना।
- नियमित तौर पर स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने वाले घटकों से संबंधित राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय आंकड़े एकत्र करना और उनका विश्लेषण करना।
- तकनीकी सहयोग और कार्यक्रम निरीक्षण के एक साधन के रूप में डेटा और फील्ड निष्कर्षों का उपयोग करते हुए राज्यों में प्रगति का आवधिक संक्षिप्त ब्यौरा उपलब्ध कराना।

योग्यता :

- जन स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर या उच्चतर उपाधि।
- स्वास्थ्य प्रणालियों या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य।
- स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान या सेवा प्रदायगी के नियोजन और कार्यान्वयन में योग्यता उपरांत न्यूनतम 5 वर्षों का कार्य अनुभव।
- एमएस वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट जैसे आम तौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों और सुसंगत डेटा एवं डॉक्युमेन्ट्स को सर्च करने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर दक्षता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक योग्यताएं, अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- बहु–क्षेत्रीय टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम के संचालन/जिला स्तर की स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने हेतु कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने के इच्छुक और कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में संपन्न करने के लिए एक ही समय में विभिन्न कार्यों को करने की योग्यता।
- राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर एनएचएम में कार्य कर चुके अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।
- उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशित कार्य या विनिर्दिष्ट सुसंसगत कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।
- आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु 45 वर्ष

आयु सीमाः आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु 45 वर्ष

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह रु. 90,000/– से रु. 1,30,000/– के बीच

नोटः अपने जीवन–वृत्त (रिज्यूमे) में आयु, डिग्रियां प्राप्त करने के वर्ष, वर्तमान और पूर्व नियुक्तियों की तिथियों का उल्लेख करना अनिवार्य है, इनके बिना इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आवेदन, ई–मेल द्वारा srconsultant.phpp@nhsrcindia.org पते पर या डाक/दस्ती रूप से मानव संसाधन प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली– 110 067 पर दिनांक 20-May-2016 को अपराह्न 4 बजे तक पहुंच जाने चाहिए। डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे के ऊपर और ई–मेल द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में विषय लाइन पर आवेदन किए गए पद का नाम अवश्य लिखें, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।